तारे घिरे फिरुक काङाल वाणी ।।

१९२२

६१

दीप निबे गेछे मम निशीथसमीरे,
धीरे धीरे एसे तुमि येयो ना गो फिरे ।।
ए पथे यखन याबे आँधारे चिनिते पाबे—
रजनीगन्धार गन्ध भरेछे मन्दिरे ।।
आमारे पड़िबे मने कखन से लागि
प्रहरे प्रहरे आमि गान गेये जागि ।

तो भी तुम्हारा पंथ निहारते प्रदीप जलता रहे; **गाँथबे......मने**—माला नहीं गूँथोगे, मन ही मन जानती हूँ; **तबु......आनि**—तो भी प्राणों में उस स्पर्श की प्यास ला मेरे बकुल वन में कलियाँ लगती रहें; **कोथाय......भोला**—रास्ता भूले हुए तुम (न-जाने) कहाँ (हो); **तबु......खोला**—तो भी मेरा द्वार खुला रहे ना; **तबु......वीणा**—तो भी तुम्हारी वीणा सुर मिलाए रहे; **तारे...... वाणी**—उसे घेर कर निःस्व-याचक वाणी घूमती फिरे ।

६१. **दीप......गेछे**—दीप बुझ गया है; **धीरे.....फिरे**—धीरे धीरे आ कर अजी, तुम लौट न जाना; **ए....पाबे**—इस रास्ते जब जाओगे, अंधकार में पहचान पाओगे; **रजनी......मन्दिरे**—रजनीगन्धा का गन्ध मंदिर (कक्ष) में भरा है; **आमारे......जागि**—जाने किस समय मुझे याद कर बैठो, इसीलिये मैं प्रहर-प्रहर गान गाती हुई जागती रहती हूँ; **भय......पाते**—भय होता है कि कहीं रात्रि के

भय पाछे शेष राते घुम आसे आँखिपाते,
क्लान्त कण्ठे मोर सुर फुराय यदि रे ।।

१९२२

६२

राते राते आलोर शिखा राखि ज्वेले
घरेर कोणे आसन मेले ।।
बुझि समय हल एबार आमार प्रदीप निबिये देबार—
पूर्णिमाचाँद, तुमि एले ।।
एत दिन से छिल तोमार पथेर पाशे
तोमार दरशनेर आशे ।
आज तारे येइ परशिबे याक से निबे, याक से निबे—
या आछे सब दिक से ढेले ।।

१९२२

६३

तार बिदायवेलार मालाखानि आमार गले रे
दोले दोले बुकेर काछे पले पले रे ।।
गन्ध ताहार क्षणे क्षणे जागे फागुनसमीरणे
गुञ्जरित कुञ्जतले रे ।।

अन्त में आँखों की पलकों में नींद न आ जाय; **क्लान्त.....यदि**—क्लान्त कण्ठ में मेरा सुर कहीं समाप्त न हो जाय।

६२. **राते.....मेले**—घर के कोने में आसन बिछा कर रात-रात भर दीप-शिखा जलाए रखती हूँ; **बुझि....एले**—पूर्णिमा के चाँद, तुम आए, लगता है अपना प्रदीप बुझा देने का अब समय हो गया; **एत.....आशे**—तुम्हारे दर्शन की आशा में तुम्हारे रास्ते के किनारे इतने दिनों से वह था; **आज.....निबे**—आज जैसे ही उसका स्पर्श करोगे (आज तुम्हारे स्पर्श करते ही) वह बुझ जाय; **या......ढेले**—जो कुछ है सब वह ढाल दे।

६३. **तार......पले रे**—मेरे गले में उसकी बिदाई के समय की माला पल-पल (मेरे) हृदय के पास डोलती है; **ताहार**—उसका; **बिनेर......वनान्तरे**

दिनेर शेषे येते येते पथेर 'परे
छायाखानि मिलिये दिल वनान्तरे।
सेइ छाया एइ आमार मने, सेइ छाया ओइ काँपे वने,
काँपे सुनील दिगञ्चले रे ।।

१९२२

६४

आमार मन चेये रय मने मने हेरे माधुरी।
नयन आमार काङाल हये मरे ना घुरि ।।
चेये चेये बुकेर माझे गुञ्जरिल एकतारा ये—
मनोरथेर पथे पथे बाजल बाँशुरि।
रूपेर कोले ओइ-ये दोले अरूप माधुरी ।।
कूलहारा कोन् रसेर सरोवरे मूलहारा फुल भासे जलेर 'परे।
हातेर धरा धरते गेले ढेउ दिये ताय दिइ ये ठेले—
आपन-मने स्थिर हये रइ, करि ने चुरि ।।
धरा देओयार धन से तो नय, अरूप माधुरी ।।

१९२५

—दिन की समाप्ति पर पथ पर जाते-जाते (दूर) अन्य वन में (उसने अपनी) छाया विलीन कर दी; **सेइ......रे**—वही छाया मेरे मन में है, वही छाया उस वन में, नील वर्ण के दिगञ्चल में काँप रही है।

६४. **आमार.....मने**—मेरा मन मन-ही-मन निहारता रहता है; **हेरे**—देखता है; **नयन......घुरि**—मेरी आँखें याचक हो भटकती हुई मरती नहीं; **चेये.....माझे**—हृदय के भीतर देखते देखते; **गुञ्जरिल**—गुञ्जरित हुआ; **बाजल**—बजी; **बाँशुरि**—बाँसुरी; **रूपेर......माधुरी**—रूप की गोद में वह अरूप माधुरी डोल रही है; **कूलहारा......परे**—तट-हीन किस रस के सरोवर में जड़-हीन फूल जल के ऊपर बह रहा है; **हातेर......ठेले**—इसीलिये हाथों से पकड़ने जा कर उसे लहरों से और भी ठेल देता हूँ; **आपन.....चुरि**—अपने आप में स्थिर हो कर रहता हूँ, चोरी नहीं करता; **धरा......माधुरी**—वह पकड़ाई देने वाला धन तो नहीं है, अरूप माधुरी है।

६५

एबार उजाड़ करे लओ हे आमार या-किछु सम्बल।
फिरे चाओ, फिरे चाओ, फिरे चाओ ओगो चञ्चल॥
चैत्ररातेर वेलाय नाहय एक प्रहरेर खेलाय
आमार स्वपनस्वरूपिणी प्राणे दाओ पेते अञ्चल॥
यदि एइ छिल गो मने,
यदि परम दिनेर स्मरण घुचाओ चरम अयतने,
तबे भाङा खेलार घरे नाहय दाँड़ाओ क्षणेक-तरे—
सेथा धुलाय धुलाय छड़ाओ हेलाय छिन्न फुलेर दल॥

१९२५

६६

केन आमाय पागल करे यास ओरे चले-याओयार दल।
आकाशे बय बातास उदास, परान टलोमल।
प्रभाततारा दिशाहारा, शरतमेघेर क्षणिक धारा—
सभा-भाङार शेष वीणाते तान लागे चञ्चल

६५. **एबार......सम्बल**—मेरा जो कुछ सम्बल है (उसे) इस बार निःशेष कर लो; **फिरे चाओ**—फिर कर ताको; **ना हय**—न हो; **एक......खेलाय**—पहर भर के खेल में; **दाओ......अञ्चल**—अञ्चल बिछा (फैला) दो; **यदि......मने**—अजी, अगर यही तुम्हारे मन में था; **यदि......अयतने**—यदि परम दिवस की स्मृति को अत्यन्त अवहेलना से मिटाती हो; **तबे......तरे**—तब टूटे हुए खेल-घर (क्रीड़ा गृह) में ही न हो टुक क्षण भर के लिये ठहरो; **सेथा......दल**—वहाँ धूलि में छिन्न फूलों की पंखुड़ियों को अवहेलना के साथ बिखराओ।

६६. **केन......दल**—अरे, ओ चले जाने वालों के दल, क्यों (तू) मुझे पागल कर जाता है; **आकाशे.....टलोमल**—उदास हवा आकाश में बहती है, प्राण चंचल, डगमग हैं; **दिशाहारा**—दिगभ्रान्त; **सभा-भाङार**—सभा भंग होने की;

नागकेशरेर झरा केशर धुलार साथे मिता।
गोधूलि से रक्त-आलोय ज्वाले आपन चिता।
शीतेर हाओयाय झराय पाता, आम्‌लकि-वन मरण-माता,
विदायबाँशिर सुरे विधुर साँझेर दिगञ्चल।।

१९२५

६७

दिनशेषेर राङा मुकुल जागल चिते।
संगोपने फुटबे प्रेमेर मञ्जरीते।।
मन्दबाये अन्धकारे दुलबे तोमार पथेर धारे,
गन्ध ताहार लागबे तोमार आगमनीते—
फुटबे यखन मुकुल प्रेमेर मञ्जरीते।।
रात येन ना वृथा काटे प्रियतम हे—
एसो एसो प्राणे मम, गाने मम हे।
एसो निविड़ मिलनक्षणे रजनीगन्धार कानने,
स्वपन हये एसो आमार निशीथिनीते—
फुटबे यखन मुकुल प्रेमेर मञ्जरीते।।

१९२५

धुलार साथे—धूल के साथ; **धुलार.....मिता**—धूल के साथ मिताई जोड़ी है; **गोधूलि......चिता**—गोधूलि उस रक्त-आलोक में अपनी चिता जलाती है; **शीतेर......माता**—शीत (काल) की हवा पत्ते झराती है, आँवले का वन मरण (के लिये) मत्त है; **विदाय......दिगञ्चल**—संध्या का दिगञ्चल बिदाई की बाँसुरी के स्वर से विकल है।

६७. **दिन......चिते**—दिन की समाप्ति का लाल मुकुल (कली) चित्त में जागा; **संगोपने......मञ्जरीते**—गोपन रूप से प्रेम की मञ्जरी में खिलेगा; **बाये**—वायु में; **दुलबे......धारे**—तुम्हारे पथ के किनारे झूमेगा; **गन्ध...... आगमनीते**—तुम्हारी अगवानी में उसका गन्ध लगेगा; **यखन**—जब; **रात...... हे**—हे प्रियतम, ऐसा हो कि रात व्यर्थ न कटे; **एसो**—आओ; **स्वपन...... निशीथिनीते**—मेरी गहन रात्रि में स्वप्न हो कर आओ।

६८

वेदनाय भरे गियेछे पेयाला, नियो हे नियो ।
हृदय बिदारि हये गेल ढाला, पियो हे पियो ।।
भरा से पात्र तारे बुके क'रे बेड़ानु बहिया सारा राति धरे,
लओ तुले लओ आजि निशिभोरे, प्रिय हे प्रिय ।।
वासनार रङे लहरे लहरे रङिन हल ।
करुण तोमार अरुण अधरे तोलो हे तोलो ।
ए रसे मिशाक तव निश्वास नवीन उषार पुष्पसुवास—
एरि 'परे तव आँखिर आभास दियो हे दियो ।।

१९२५

६९

द्वारे केन दिले नाड़ा ओगो मालिनी ।
कार काछे पाबे साड़ा ओगो मालिनी ।।
तुमि तो तुलेछ फुल, गेँथेछ माला, आमार आँधार घरे लेगेछे ताला ।
खुँजे तो पाइ नि पथ, दीप ज्वालि नि ।।

६८. **वेदनाय......नियो**—वेदना से प्याला भर गया है, लेना, हे, लेना; **हृदय......पियो**—हृदय को विदीर्ण कर ढालना हो गया, पियो, हे, पियो; **भरा..... धरे**—उस भरे हुए पात्र को छाती से लगाए सारी रात वहन किए घूमता रहा; **लओ......लओ**—लो, उठा लो; **आजि**—आज; **वासनार......हल**—वासना के रंग से लहर-लहर रंगीन हो गई; **तोलो**—उठाओ; **अधरे तोलो**—अधरो से लगाओ; **ए......मिशाक**—इस रस में घुल जाय; **एरि......दियो**—इसी के ऊपर अपनी आँखों की आभा डालना, हे, डालना; **आभास**—क्षीण अथवा अस्पष्ट प्रकाश ।

६९. **द्वारे......नाड़ा**—द्वार पर (तुमने) क्यों धक्का दिया; **कार...... साड़ा**—किसके पास अपनी पुकार का प्रत्युत्तर पाओगी; **तुमि......ताला**— तुमने तो फूल चुने हैं, माला गूँथी है, मेरे अंधेरे घर में ताला लगा है; **खुंजे......नि**—खोजने पर तो रास्ता नहीं पाया, (मैंने) दीपक नहीं जलाया;

ओइ देखो गोधूलिर क्षीण आलोते
दिनेर शेषेर सोना डोबे कालोते।
आँधार निविड़ हले आसियो पाशे, यखन दूरेर आलो ज्वाले आकाशे
असीम पथेर राति दीपशालिनी ॥

१९२५

७०

ना, ना गो ना,
कोरो ना भावना—
यदि वा निशि याय याब ना, याब ना ॥
यखनि चले याइ आसिब ब'ले याइ;
आलोछायार पथे करि आनागोना ॥
दोलाते दोले मन मिलने विरहे ॥
बारे बारेइ जानि, तुमि तो चिर हे।
क्षणिक आड़ाले बारेक दाँड़ाले
मरि भये भये पाब कि पाब ना ॥

१९२५

ओइ......कालोते—वह देखो, गोधूलि के क्षीण आलोक में दिन के अंत का सोना (सुनहला रंग) कालिमा में डूबता है; **आँधार......पाशे**—अन्धकार गहन होने पर पास आना; **यखन......आकाशे**—जब दूर का आलोक आकाश में जलाती है।

७०. **कोरो......भावना**—चिन्ता न करना (उद्विग्न न होना); **यदि ......याय**—अगर रात्रि बीत ही जाय; **याब ना**—जाऊँगा नहीं; **यखनि...... याइ**—जब भी चला जाता हूँ; **आसिब......याइ**—आऊँगा इसीलिये जाता हूँ; **आलोछायार......आनागोना**—प्रकाश और छाया के पथ में आवाजाही करता हूँ; **दोलाते......मन**—झूले पर मन झूलता है; **बारे......चिर हे**—बार बार (यही) जानता हूँ, तुम तो चिर (नित्य) हो; **क्षणिक......पाबना**—क्षण भर के लिये ओट में एक बार (भी) खड़े होते हो तो भय से मरता रहता हूँ कि पाऊँगा या नहीं।

७१

भरा थाक् स्मृतिसुधाय विदायेर पात्रखानि।
मिलनेर उत्सवे ताय फिराये दियो आनि।।
विषादेर अश्रुजले नीरवेर मर्मतले
गोपने उठुक फ'ले हृदयेर नूतन वाणी।।
ये पथे येते हबे से पथे तुमि एका—
नयने आँधार रबे, धेयाने आलोकरेखा।
सारा दिन संगोपने सुधारस ढालबे मने
परानेर पद्मवने विरहेर वीणापाणि।।

१९२५

७२

ये दिन सकल मुकुल गेल झरे
आमाय डाकले केन गो, एमन करे।।
येते हबे ये पथ बेये शुकनो पाता आछे छेये,
हाते आमार शून्य डाला की फुल दिये देब 'भरे।।
गानहारा मोर हृदयतले
तोमार व्याकुल बाँशि की ये बले।

७१. **भरा......पात्रखानि**—बिदाई का पात्र स्मृति की सुधा से भरा रहे; **मिलनेर......आनि**—मिलन के उत्सव में उसे ला कर लौटा देना; **उठुक फ'ले**—फल उठे; **ये......एका**—जिस पथ से जाना होगा उस पथ में तुम अकेले हो; **नयने......रेखा**—आँखों में अन्धकार रहेगा, ध्यान में प्रकाश की रेखा; **ढालबे मने**—मन में ढालेगी; **परानेर**—प्राणों के।

७२. **ये.....झरे**—जिस दिन सभी कलियाँ झर गईं; **आमाय......करे**—मुझे इस प्रकार (तुमने) क्यों पुकारा; **येते......छेये**—जिस पथ से हो कर जाना होगा (उसपर) सूखी पत्तियाँ छाई हुई हैं; **हाते......भरे**—मेरे हाथों में शून्य डलिया है, किस फूल से (उसे) भर दूँगा; **गानहारा**—गानहीन; **गानहारा..... बले**—संगीत विहीन मेरे अन्तस्तल में तुम्हारी व्याकुल बाँसुरी (न-जाने) क्या

नेइ आयोजन, नेइ मम धन, नेइ आभरण, नेइ आवरण—
रिक्त बाहु एइ तो आमार बाँधबे तोमाय बाहुडोरे ।।

१९२५

७३

यखन भाङल मिलन-मेला
भेबेछिलेम भुलब ना आर चक्षेर जल फेला ।।
दिने दिने पथेर धुलाय माला हते फुल झरे याय—
जानि ने तो कखन एल विस्मरणेर वेला ।।
दिने दिने कठिन हल कखन् बुकेर तल ।
भेबेछिलेम, झरबे ना आर आमार चोखेर जल ।
हठात् देखा पथेर माझे, कान्ना तखन थामे ना ये—
भोलार तले तले छिल अश्रुजलेर खेला ।।

१९२५

७४

यदि हल याबार क्षण
तबे याओ दिये याओ शेषेर परशन ।।

कहती है; **नेइ**—नहीं है; **रिक्त.....डोरे**—मेरी ये सूनी भुजाएँ तुम्हें भुजाओं की डोरी में बाँधेंगी ।

७३. **यखन.....मेला**—जब मिलन-मेला समाप्त हुआ; **भेबेछिलेम.....फेला**—सोचा था (अब) और आँखों से आँसू बहाना नहीं भूलूंगा; **दिने......याय** दिन-दिन पथ की धूल में माला से फूल झरते जाते हैं; **जानि......वेला**—नहीं जानता, कब विस्मृति की वेला आई; **दिने......तल**—दिन-दिन कब हृदयतल कठिन (कठोर) हुआ; **भेबेछिलेम......जल**—सोचा था (अब) और मेरी आँखों से आँसू नहीं बहेंगे; **हठात्.....ना ये**—अकस्मात् पथ के बीच दर्शन हुए, उस समय रुलाई रोके नहीं रुकी; **भोलार......खेला**—भूलने के नीचे अश्रुजल का खेल (चल रहा) था ।

७४. **यदि......परशन**—यदि जाने का समय हो गया हो तो जाओ (किंतु)

बारे बारे येथाय आपन गाने स्वपन भासाइ दूरेर पाने,
माझे माझे देखे येयो शून्य वातायन—
से मोर शून्य वातायन ।।
वनेर प्रान्ते ओइ मालतीलता
करुण गन्धे कय की गोपन कथा ।
ओरइ डाले आर श्रावणेर पाखि स्मरणखानि आनबे ना कि,
आज—श्रावणेर सजल छायाय विरह मिलन—
आमादेर विरह मिलन ।।

१९२५

७५

हे क्षणिकेर अतिथि,
एले प्रभाते कारे चाहिया
झरा शेफालिर पथ बाहिया ।
कोन् अमरार विरहिणीरे चाह नि फिरे,
कार विषादेर शिशिरनीरे एले नाहिया ।।
ओगो अकरुण, की माया जान,
मिलनछले विरह आन ।

अन्तिम स्पर्श देते जाओ; **बारे......पाने**—बार-बार जहाँ अपने गान में दूर की ओर स्वप्न तिराता हूँ; **माझे......वातायन**—बीच-बीच में (उस) सूने वातायन को देख जाना; **प्रान्त**—सीमा; **ओइ**—वह; **करुण......कथा**—करुण गन्ध से कौन सी गोपन बात कहती है; **ओरइ......ना कि**—उसीकी डाल पर फिर श्रावण का पक्षी स्मृति को नहीं लाएगा क्या; **छायाय**—छाया में; **आमादेर**—हम-लोगों का ।

७५. **क्षणिकेर**—क्षण भर के; **एले......बाहिया**—किसे देख झरी हुई शेफालिका के रास्ते हो कर प्रभात में आए; **कोन्.....फिरे**—किस अमरावती की विरहिणी को फिर कर नहीं देखा; **कार.....नाहिया**—किसके विषाद के ओसकणों में नहा कर आए; **की......जान**—कौन-सा जादू जानते हो; **मिलन......आन**—

चलेछ पथिक आलोकयाने आँधार-पाने
मनभुलानो मोहन-ताने गान गाहिया ।।

१९२५

७६

तोमाय गान शोनाब ताइ तो आमाय जागिये राख
ओगो घुम-भाङानिया ।
बुके चमक दिये ताइ तो डाक
ओगो दुख-जागानिया ।।
एल आँधार घिरे, पाखि एल नीड़े,
तरी एल तीरे--
शुधु आमार हिया विराम पाय नाको
ओगो दुख-जागानिया ।।
आमार काजेर माझे माझे
कान्नाधारार दोला तुमि थामते दिले ना ये ।
आमाय परश क'रे प्राण सुधाय भ'रे
तुमि याओ ये सरे--
बुझि आमार व्यथार आड़ालेते दाँड़िये थाक
ओगो दुख-जागानिया ।।

१९२६

मिलन के मिस विरह लाते हो; **आँधार पाने**—अन्धकार की ओर; **मन-भुलानो**—मन को मुग्ध करने वाली; **गाहिया**—गाते हुए ।

७६. **तोमाय......राख**—तुम्हें गान सुनाऊँगा, इसीलिये तो मुझे जगा रखती हो; **ओगो**—अजी ओ; **घुम-भाङानिया**—निद्रा भंग करने वाली (नींद उचाटने वाली); **बुके......डाक**—हृदय को चौंका कर इसीलिये तो तुम पुकारती हो; **दुख-जागानिया**—दु:ख जगाने वाली; **आमार.......ना ये**—मेरे कामकाज के बीच-बीच में क्रन्दन की वर्षा के हिल्लोल को तुमने थमने जो नहीं दिया; **आमार......सरे**—मुझे स्पर्श कर प्राणों में सुधा भर तुम अलग चली जाती हो; **बुझि......थाक**—लगता है, मेरी व्यथा की ओट में (तुम) खड़ी रहती हो ।

७७

निशीथे की कये गेल मने की जानि, की जानि ।
से कि घुमे, से कि जागरणे की जानि, की जानि ।।
नाना काजे नाना मते फिरि घरे, फिरि पथे--
से कथा कि अगोचरे बाजे क्षणे क्षणे । की जानि, की जानि ।।
से कथा कि अकारणे व्यथिछे हृदय, एकि भय, एकि जय ।
से कथा कि काने काने बारे बारे कय 'आर नय' 'आर नय' ।
से कथा कि नाना सुरे बले मोरे 'चलो दूरे'--
से कि बाजे बुके मम, बाजे कि गगने । की जानि, की जानि ।।
१९२६

७८

यखन एसेछिले अन्धकारे
चाँद ओठे नि सिन्धुपारे ।।
हे अजाना, तोमाय तबे जेनेछिलेम अनुभवे--
गाने तोमार परशखानि बेजेछिल प्राणेर तारे ।।

७७. **निशीथे......जानि**—अर्धरात्रि को मन में क्या कह गया, क्या जानूं, क्या जानूं; **से......जानि**—वह नींद में (कह गया) या जागरण में, क्या जानूं, क्या जानूं; **नाना......क्षणे**—नाना कामकाज में, नाना प्रकार से घर में, (बाहर) रास्ते में फिरता हूँ, वह बात क्या अगोचर में क्षण-क्षण ध्वनित होती है; **से...... हृदय**—वह बात क्या बिना कारण हृदय को व्यथा पहुँचा रही है; **एकि**—यह क्या; **से कथा......नय**—वह बात क्या बार बार कानों में कहती है 'और नहीं' 'और नहीं'; **से......दूरे**—वह बात क्या नाना सुरों में मुझसे कहती है 'दूर चलो'; **से......गगने**—वह क्या मेरी छाती में कसक रही है, या आकाश में ध्वनित हो रही है।

७८. **यखन.....पारे**—जब तुम अन्धकार में आए थे, (तब) सागर-पार चाँद नहीं निकला था; **हे अजाना......अनुभवे**—हे अपरिचित, तब तुम्हें अनुभव से जाना था; **गाने......तारे**—गानों में तुम्हारा स्पर्श प्राणों के तारों में बजा था;

तुमि गेले यखन एकला चले
चाँद उठेछे रातेर कोले।
तखन देखि, पथेर काछे माला तोमार पड़े आछे—
बुझेछिलेम अनुमाने ए कण्ठहार दिले कारे।।

१९२६

७९

भालोबासि, भालोबासि—
एइ सुरे काछे दूरे जले स्थले बाजाय बाँशि।
आकाशे कार बुकेर माझे व्यथा बाजे,
दिगन्ते कार कालो आँखि आँखिर जले याय गो भासि।।
सेइ सुरे सागरकूले बाँधन खुले
अतल रोदन उठे दुले।
सेइ सुरे बाजे मने अकारणे
भुले-याओया गानेर वाणी, भोला दिनेर काँदन-हासि।।

१९२६

तुमि......कोले—तुम जब अकेले चले गए, (तब) रात्रि की गोद में चाँद निकल आया था; **तखन......आछे**—तब देखती हूँ, रास्ते के पास तुम्हारी माला पड़ी हुई है; **बुझेछिलेम......कारे**—अनुमान से समझा था, यह कण्ठहार (तुम) किसे दे गए।

७९. **भालोबासि......बाँशि**—प्यार करता हूँ, प्यार करता हूँ, इसी सुर में पास, दूर, जल में, स्थल में (कोई) बाँसुरी बजाता है; **आकाशे......बाजे**—आकाश में किसके हृदय में व्यथा कसक रही है; **दिगन्ते......भासि**—दिगन्त में किसकी काली आँखें आँखों के जल में बह जा रही हैं; **सेइ......दुले**—उसी सुर में सागर के किनारे बन्धन खोल अतल रोदन दोलायित होता है; **सेइ......हासि**—उसी सुर में भूले हुए गान की वाणी, भूले हुए दिनों के क्रन्दन और हास्य अकारण मन में बज उठते हैं।

८०

जानि तुमि फिरे आसिबे आबार, जानि ।
तबु मने मने प्रबोध नाहि ये मानि ।।
बिदायलगने धरिया दुयार ताइ तो तोमाय बलि बारबार
'फिरे एसो, एसो, बन्धु आमार,' वाष्पविभल वाणी ।।
याबार वेलाय किछु मोरे दियो दियो
गानेर सुरेते तव आश्वास, प्रिय ।
वनपथे यबे याबे से क्षणेर हयतो वा किछु रबे स्मरणेर,
तुलि लब सेइ तव चरणेर दलित कुसुमखानि ।।

१९२८

८१

दिये गेनु वसन्तेर एइ गानखानि—
वरष फुराये याबे, भुले याबे जानि ।।
तबु तो फाल्गुनराते ए गानेर वेदनाते
आँखि तव छलोछलो, एइ बहु मानि ।।

८०. **जानि......जानि**—जानता हूँ तुम फिर लौट कर आओगे, जानता हूँ; **तबु......मानि**—तौभी मन में सान्त्वना नहीं पाता; **बिदायलगने...... बारबार**—बिदाई की वेला में दरवाजा पकड़े हुए इसीलिये तो तुमसे बारबार कहता हूँ; **'फिरे......आमार'**—लौट आओ, लौट आओ, ओ मीत मेरे; **वाष्पविभल**—वाष्प-गद्‌गद, वाष्पविह्वल; **याबार......दियो**—जाने के समय मुझे कुछ देना, देना; **गानेर......आश्वास**—गान के सुर में अपना आश्वास; **वनपथे......स्मरणेर**—वनपथ से जब जाओगे, उस क्षण की याद के रूप में हो सकता है कि कुछ रह जाय; **तुलि......कुसुमखानि**—तुम्हारे चरणों से दलित उस फूल को उठा लूंगी।

८१. **दिये......गानखानि**—वसन्त का यह गान (मैं) दे गया; **वरष**—वर्ष; **फुराये याबे**—समाप्त हो जायगा; **भुले......जानि**—जानता हूँ भूल जाओगे; **तबु......मानि**—तौभी तो फाल्गुन की रात में इस गान की व्यथा से तुम्हारी

चाहि ना रहिते बसे फुराइले वेला,
तखनि चलिया याब शेष हले खेला।
आसिबे फाल्गुन पुन, तखन आबार शुनो
नव पथिकेरइ गाने नूतनेर वाणी ।।

१९२८

८२

मने रबे कि ना रबे आमारे से आमार मने नाइ।
क्षणे क्षणे आसि तव दुयारे, अकारणे गान गाइ ।।
चले याय दिन, यतखन आछि पथे येते यदि आसि काछाकाछि
तोमार मुखेर चकित सुखेर हासि देखिते ये चाइ—
ताइ अकारणे गान गाइ ।।
फागुनेर फुल याय झरिया फागुनेर अवसाने—
क्षणिकेर मुठि देय भरिया, आर किछु नाहि जाने।
फुराइबे दिन, आलो हबे क्षीण, गान सारा हबे, थेमे याबे वीणा,

आँखें छलछलाई हुई हैं, इसे ही बहुत (यथेष्ट) मानता हूँ; **चाहि......वेला**—समय चुक जाने पर बैठा नहीं रहना चाहता; **तखनि......खेला**—खेल समाप्त होने पर उसी समय चला जाऊँगा; **आसिबे**—आएगा; **पुन**—पुनः, फिर; **तखन.....शुनो**—तब फिर सुनना; **नव पथिकेरइ**—नव पथिक के ही; **गाने**—गान में।

८२. **मने......आमारे**—मेरी याद रहेगी या नहीं रहेगी; **से......नाइ**—यह मुझे याद नहीं; **क्षणे......गाइ**—क्षण-क्षण तुम्हारे द्वार पर आता हूँ (और) अकारण गान गाता हूँ; **चले......दिन**—दिन बीत जाते हैं; **यतखन आछि**—जितने समय हूँ; **पथे......काछाकाछि**—राह चलते यदि पास आऊँ; **तोमार......चाइ**—तुम्हारे मुख की विस्मित सुख की हँसी को देखना जो चाहता हूँ; **ताइ**—इसीलिये; **फागुनेर......अवसाने**—फाल्गुन की समाप्ति पर फाल्गुन के फूल झर जाते हैं; **मुठि......भरिया**—मुट्ठी भर देते हैं; **आर......जाने**—और कुछ नहीं जानते; **फुराइबे**—समाप्त होगा; **आलो**—आलोक; **हबे**—होगा; **गान......वीणा**—गान पूरा होगा, वीणा थम जायगी;

यतखन थाकि भरे दिबे ना कि ए खेलारइ भेलाटाइ—
ताइ अकारणे गान गाइ ।।

१९२८

८३

याबार वेला शेष कथाटि याओ बले,
कोन्खाने ये मन लुकानो दाओ बले ।।
चपल लीला छलनाभरे वेदनखानि आड़ाल करे,
ये वाणी तव हय नि बला नाओ बले ।।
हासिर बाणे हेनेछ कत श्लेषकथा,
नयनजले भरो गो आजि शेष कथा ।
हाय रे अभिमानिनी नारी, विरह हल द्विगुण भारि
दानेर डालि फिराये निते चाओ ब'ले ।।

१९२८

८४

सकरुण वेणु बाजाये के याय विदेशी नाये,
ताहारि रागिणी लागिल गाये ।।

यतखन......भेलाटाइ—जितने दिन हूँ, इस खेल-खेल के बेड़े को ही सही, भर नहीं दोगे क्या ।

८३. **याबार......बले**—जाने के समय अन्तिम बात कह जाओ; **कोन्-खाने......बले**—कहाँ (तुम्हारा) मन छिपा हुआ है, कह दो; **वेदन......करे**—वेदना को ओट बना कर; **ये......बले**—तुम्हारी जो बात कही नहीं गई, (उसे) कह लो; **हासिर......कथा**—कितनी श्लेष भरी बातें (तुमने) हँसी के बाण से निक्षिप्त की हैं; **नयन......कथा**—आज (अपनी) अन्तिम बात नयनों के जल से पूर्ण करो; **हल**—हुआ; **भारि**—भारी; **दानेर.....ब'ले**—दान की डलिया लौटा लेना चाहती हो, इसलिये ।

८४. **सकरुण......नाये**—करुण बाँसुरी बजाता कौन विदेशी, नौका पर जा रहा है; **ताहारि......गाये**—उसीकी रागिणी देह में लगी;

से सुर बाहिया भेसे आसे कार सुदूर विरहविधुर हियार
अजाना वेदना, सागरवेलार अधीर बाये
वनेर छाये ।।

ताइ शुने आजि विजन प्रवासे हृदय-माझे
शरत्‌शिशिरे भिजे भैरवी नीरवे बाजे ।
छवि मने आने आलोते ओ गीते— येन जनहीन नदीपथटिते
के चलेछे जले कलस भरिते अलस पाये
वनेर छाये ।।

११२८

८५

केन रे एतइ याबार त्वरा—
वसन्त, तोर हयेछे कि भोर गानेर भरा ।।
एखनि माधवी फुरालो कि सबइ,
वनछाया गाय शेष भैरवी—
निल कि विदाय शिथिल करवी वृन्तझरा ।।

से......वेदना—उस सुर में बहती किसके सुदूर विरह-कातर हिया की अज्ञात वेदना तिर आती है; **सागर......बाये**—सागर-तट की अधीर वायु में; **वनेर छाये**—वनकी छाया में; **ताइ.....बाजे**—उसीको सुन कर आज जनशून्य प्रवास में शरद् के ओसकणों से भीगी हुई भैरवी हृदय में नीरव बज रही है; **छवि......गीते**—आलोक और गीत से मन में (यह) चित्र ला देती है; **येन...... छाये**—जैसे जनहीन नदी की ओर जाने वाले पथ पर वन की छाया में कौन मन्थर गति से कलशी भरने चली है।

८५. **केन......त्वरा**—अरे, जाने की इतनी उतावली ही क्यों; **तोर...... भरा**—गीतों की तेरी भारवाही नौका क्या भर चुकी है; **एखनि......सबइ**—अभी ही क्या माधवी के सभी फूल चुक गए; **वनछाया.....भैरवी**—वनछाया अन्तिम भैरवी गाती है; **निल......झरा**—वृन्तच्युत शिथिल करवी (कनेर) ने

एखनि तोमार पीत उत्तरी दिबे कि फेले
तप्त दिनेर शुष्क तृणेर आसन मेले।
विदायेर पथे हताश बकुल
कपोतकूजने हल ये आकुल,
चरणपूजने झराइछे फुल वसुन्धरा ।।

१९२९-३२

८६

कार चोखेर चाओयार हाओयाय दोलाय मन,
ताइ केमन हये आछिस साराक्षण।
हासि ये ताइ अश्रुभारे नोओया,
भावना ये ताइ मौन दिये छोँओया,
भाषाय ये तोर सुरेर आवरण ।।
तोर पराने कोन् परशमणिर खेला,
ताइ हृद्गगने सोनार मेघेर मेला।

क्या विदा ले ली; **एखनि......मेले**—गर्म दिनों की सूखी घास का आसन फैला कर क्या अभी ही अपने पीले उत्तरीय को उतार फेंकोगे; **बिदायेर ......आकुल**—विदाई के पथ पर निराश बकुल कपोतकूजन से आकुल है; **चरण.......वसुन्धरा**—चरणों की पूजा के लिये वसुन्धरा फूल झिरा रही है।

८६. **कार......मन**—किसकी आँखों की चितवन रूपी हवा मन को दोलायमान कर रही है; **ताइ......क्षण**—इसीलिये सब समय कैसे-कैसे हो रहे हो; **हासि......नोओया**—इसीलिये तो हँसी आँसुओं के भार से झुकी हुई है; **भावना......छोँओया**—इसीलिये चिन्ता को मौन का स्पर्श लगा है; **भाषाय......आवरण**—तेरी भाषा पर सुर का आवरण (छाया) है; **तोर..... खेला**—तेरे प्राणों में किस पारस-मणि का खेल (चल रहा) है; **ताइ...... मेला**—जिस कारण हृदय के आकाश में सुनहले मेघों का मेला लगा है;

दिनेर स्रोते ताइ तो पलकगुलि
ढेउ खेले याय सोनार झलक तुलि,
कालोय आलोय काँपे आँखिर कोण ।।

१९२९-३२

८७

दिन परे याय दिन, बसि पथपाशे
गान परे गाइ गान वसन्तवातासे ।।
फुराते चाय ना बेला, ताइ सुर गेँथे खेला—
रागिणीर मरीचिका स्वप्नेर आभासे ।।
दिन परे याय दिन, नाइ तव देखा ।
गान परे गाइ गान, रइ बसे एका ।
सुर थेमे याय पाछे ताइ नाहि आस काछे—
भालोबासा व्यथा देय यारे भालोबासे ।।

१९२९-३२

८८

दे पड़े दे आमाय तोरा की कथा आज लिखेछे से ।
तार दूरेर वाणीर परशमानिक लागुक आमार प्राणे एसे ।।

दिनेर.....तुलि—इसीलिये तो जितने भी क्षण हैं वे दिन के स्रोत में सुनहली आभा झलका कर लहरें उठा रहे हैं; **कालोय**—कालिमा में; **आलोय**—आलोक में; **काँपे**—काँपते हैं; **आँखिर कोण**—आँखों के कोने।

८७. **दिन......दिन**—दिन पर दिन जाते हैं; **बसि......बातासे**—वसन्त की हवा में रास्ते के किनारे बैठ कर गान पर गान गाए जाता हूँ; **फुराते...... बेला**—समय बीतना नहीं चाहता; **ताइ......खेला**—इसीलिये सुर गूँथ कर खेल (चल रहा है); **नाइ......देखा**—तुम्हारे दर्शन नहीं; **रइ......एका**—अकेला बैठा रहता हूँ; **सुर......काछे**—कहीं सुर न थम जाय इसीलिये (तुम) पास नहीं आते; **भालोबासा.....भालोबासे**—प्यार (उसे ही) व्यथा देता है जिसे प्यार करता है।

८८. **दे......से**—तुमलोग पढ़ दो (मुझे पढ़ कर सुना दो), आज उसने कौनसी बात लिखी है; **तार......एसे**—दूर से उसकी वाणी की पारस-मणि

शस्यखेतेर गन्धखानि एकला घरे दिक से आनि,
क्लान्तगमन पान्थ हाओया लागुक आमार मुक्तकेशे ।।
नील आकाशेर सुरटि निये बाजाक आमार विजन मने,
धूसर पथेर उदास वरन मेलुक आमार वातायने ।
सूर्य डोबार राङा वेलाय छड़ाब प्राण रङेर खेलाय,
आपन-मने चोखेर कोणे अश्रु-आभास उठबे भेसे ।।

१९२९-३२

८९

आमाय याबार वेलाय पिछु डाके
भोरेर आलो मेघेर फाँके फाँके ।।
  बादलप्रातेर उदास पाखि ओठे डाकि
  वनेर गोपन शाखे शाखे, पिछु डाके ।।
भरा नदी छायार तले छुटे चले—
खोँजे काके, पिछु डाके ।

मेरे प्राणों को आ कर छुए; **शस्य......आनि**—अन्न वाले खेत का गन्ध वह (मेरे इस) एकान्त घर में ला दे; **क्लान्त......केशे**—थकित गति से चलने वाली बटोही-हवा मेरे खुले केशों में लगे; **नील......मने**—नीले आकाश के सुर को ले कर मेरे एकान्त मन में बजावे; **बरन**—वर्ण, रंग; **मेलुक**—प्रसारित कर दे; **डोबार**—डूबने की; **राङा**—लाल; **वेलाय**—वेला में; **छड़ाब......खेलाय**—रंगों के खेल में प्राणों को बिखेर दूंगा; **आपन......कोणे**—अपने-आप आँखों के कोनों में; **अश्रु......भेसे**—आँसुओं की झलक तिर उठेगी।

८९. **आमाय**—मुझे; **याबार वेलाय**—जाने के समय; **पिछु**—पीछे से; **डाके**—पुकारता है ('पिछु डाका'—आगे जाते हुए व्यक्ति को पीछे से बुलाना); **आलो**—आलोक; **फाँक**—व्यवधान, संधि; **पाखि**—पक्षी; **ओठे डाकि**—पुकार उठता है; **भरा......डाके**—भरी हुई नदी (वन की) छाया-तले दौड़ी जाती है, (पता नहीं) किसे खोजती है, (किसे) पीछे से पुकारती है;

आमार प्राणेर भितर से के थेके थेके
विदायप्रातेर उतलाके पिछु डाके ।।

१९२९-३२

९०

नूपुर बेजे याय रिनिरिनि ।
आमार मन कय, चिनि चिनि ।।
गन्ध रेखे याय मधुबाये माधवीवितानेर छाये छाये,
धरणी शिहराय पाये पाये, कलसे कङ्कणे किनिकिनि ।
पारुल शुधाइल, के तुमि गो, अजाना काननेर मायामृग ।
कामिनी फुलकुल बरषिछे, पवन एलोचुल परशिछे,–
आँधारे तारागुलि हरषिछे, झिल्लि झनकिछे झिनिझिनि ।।

१९२९-३२

९१

वने यदि फुटल कुसुम नेइ केन सेइ पाखि ।
कोन् सुदूरेर आकाश हते आनब तारे डाकि ।।

आमार......के—मेरे प्राणों के भीतर वह कौन; **थेके थेके**—रह-रह कर; **उतलाके**—चंचल, भावावेग से आकुल को ।

९०. **बेजे याय**—बज जाता है; **आमार......चिनि**—मेरा मन कहता है, (उसे) पहचानता हूँ, पहचानता हूँ; **मधुबाये**—वसन्तकालीन वायु में, मदिर वायु में; **छाये**—छाया में; **शिहराय**—सिहरती है; **पाये पाये**—(उसके) प्रतिचरणनिक्षेप पर; **कलसे**—कलश में; **पारुल**—एक पुष्प विशेष, पाटली; **शुधाइल**—पूछा; **के......गो**—अजी, तुम कौन हो; **अजाना**—अज्ञात; **फुलकुल**—पुष्पसमूह; **बरषिछे**—बरसा रही है; **पवन......परशिछे**—पवन (उसके) आलुलायित केशों को स्पर्श कर रहा है; **आँधारे......हरषिछे**—अन्धकार में तारे हर्षित हो रहे हैं; **झिल्ली**—झिल्ली, झींगुर; **झनकिछे**—झनकार कर रहे हैं।

९१. **वने......पाखि**—वन में यदि फूल खिला तो वह पक्षी क्यों नहीं है; **कोन्......डाकि**—किस सुदूर आकाश से उसे बुला लाऊँगा; **हाओयाय......**

हाओयाय हाओयाय मातन जागे, पाताय पाताय नाचन लागे गो—
एमन मधुर गानेर वेलाय सेइ शुधु रय बाकि ।।
उदास-करा हृदय-हरा ना जानि कोन् डाके
सागर-पारेर वनेर धारे के भुलालो ताके ।
आमार हेथाय फागुन वृथाय बारे बारे डाके ये ताय गो—
एमन रातेर व्याकुल व्यथाय केन से देय फाँकि ।।
१९२९-३२

९२

लिखन तोमार धुलाय हयेछे धूलि,
हारिये गियेछे तोमार आखरगुलि ।
चैत्ररजनी आज बसे आछि एका ; पुन बुझि दिल देखा—
वने वने तव लेखनीलीलार रेखा,
नवकिशलये गो कोन् भुले एल भुलि, तोमार पुरानो आखरगुलि ।।
मल्लिका आजि कानने कानने कत
सौरभे-भरा तोमारि नामेर मतो ।

जागे—हवा-हवा में मत्तता जग रही है (हवा में मस्ती है); **पाताय......गो**—पत्ते-पत्ते में नाचने की प्रवृत्ति है (पत्तियां नाच रही हैं); **एमन......बाकि**—ऐसी मधुर गान की वेला में वही केवल बाकी है; **उदास......ताके**—उदासीन करने वाली, हृदय को हरने वाली न-जाने किस पुकार से सागर-पार वन के किनारे उसे किसने भुला रखा है; **आमार......फाँकि**—यहाँ मेरा फाल्गुन बार-बार उसे वृथा पुकारता है, ऐसी रात की व्याकुल व्यथा में वह क्यों छल करता है ।

९२. **लिखन......धूलि**—तुम्हारी लिपि धूल में धूल (एकाकार) हो गई है; **हारिये......आखरगुलि**—तुम्हारे अक्षर खो गए हैं; **चैत्र......एका**—चैत्र की रात्रि में आज अकेला बैठा हुआ हूँ; **पुन**—पुनः; **बुझि......देखा**—लगता है जैसे दिखाई दी; **कोन्......भुलि**—किस भूल से भूल कर आए; **पुरानो**—पुराने; **कत**—कितने; **तोमारि......मतो**—तुम्हारे ही नाम के समान;

कोमल तोमार अङ्गुलि–छोँओया वाणी मने दिल आजि आनि
विरहेर कोन् व्यथाभरा लिपिखानि।
माधावीशाखाय उठितेछे दुलि दुलि तोमार पुरानो आखरगुलि ।।
१९२९-३२

९३

आजि साँझेर यमुनाय गो
तरुण चाँदेर किरणतरी कोथाय भेसे याय गो ।।
तारि सुदूर सारिगाने विदायस्मृति जागाय प्राणे
सेइ-ये दुटि उतल आँखि उछल करुणाय गो ।।
आज मने मोर ये सुर बाजे केउ ता शोने नाइ कि।
एकला प्राणेर कथा निये एकला ए दिन याय कि।
याय याबे, से फिरे फिरे लुकिये तुले नेय नि कि करे
आमार परम वेदनखानि आपन वेदनाय गो ।।
१९२९-३२

अङ्गुलि-छोँओया—उंगली से स्पर्श की हुई; **मने......आनि**—आज याद करा दी; **विरहेर......खानि**—व्यथा से भरी हुई कौनसी विरह की लिपि; **माधवी...... आखरगुलि**—माधवी की शाखाओं पर तुम्हारे पुराने अक्षर झूम-झूम उठते हैं।

९३. **आजि......गो**—अजी, आज साँझ की यमुना में; **कोथाय.....याय**—कहाँ बहती जा रही है; **तारि.....प्राणे**—उसके सुदूर मल्लाहों के गान प्राणों में विदा की स्मृति जगाते हैं; **सारिगान**—मल्लाहों के गान; **सेइ......गो**—वही करुणा से उच्छलित, भावावेग से आकुल दोनों आँखें; **आज......कि**—आज मेरे मन में जो सुर बज रहा है, उसे क्या किसीने नहीं सुना; **एकला......कि**—एकाकी प्राणों की बात ले कर अकेले ये दिन बीतेंगे क्या; **याय याबे**—जाते हैं, तो जाँय; **से......गो**—अजी, क्या उसने लौट-लौट कर अपनी वेदना में मेरी परम वेदना को गुपचुप अपने हाथों नहीं उठा लिया।

९४

एकला ब'से, हेरो, तोमार छवि   एँकेछि आज वासन्ती रङ दिया ।
खोँपार फुले एकटि मधुलोभी   मौमाछि ओइ गुञ्जरे वन्दिया ।।
समुख-पाने बालुतटेर तले   शीर्ण नदी श्रान्तधाराय चले,
वेनुच्छाया तोमार चेलाञ्चले   उठिछे स्पन्दिया ।।
मग्न तोमार स्निग्ध नयन दुटि   छायाय छन्न अरण्य-अङ्गने
प्रजापतिर दल येखाने जुटि   रङ छड़ालो प्रफुल्ल रङ्गने ।
तप्त हाओयाय शिथिलमञ्जरी   गोलकचाँपा एकटि दुटि करि
पायेर काछे पड़छे झरि झरि   तोमारे नन्दिया ।।
घाटेर धारे कम्पित झाउशाखे   दोयेल दोले संगीते चञ्चलि,
आकाश ढाले पातार फाँके फाँके तोमार कोले सुवर्ण-अञ्जलि ।
वनेर पथे के याय चलि दूरे— बाँशिर व्यथा पिछन-फेरा सुरे
तोमाय घिरे हाओयाय घुरेघुरे   फिरिछे क्रन्दिया ।।

१९२९-३२

९४. **एकला......दिया**—देखो, आज अकेले बैठ कर वासन्ती रंग से तुम्हारी तस्वीर आँकी है; **खोँपार......वन्दिया**—जूड़े के फूल में मधु का लोभी एक भ्रमर स्तुति करता हुआ गुञ्जार कर रहा है; **समुख-पाने**—सामने की ओर; **चेलाञ्चले**—पट्टवस्त्र के अञ्चल से; **उठिछे स्पन्दिया**—स्पन्दित हो रही है; **दुटि**—दो; **छन्न**—आच्छन्न; **प्रजापतिर......जुटि**—जहाँ तितलियों के दल ने मिल कर; **रङ छड़ालो**—रंग बिखेर दिये हैं; **रङ्गने**—रंगन (पुष्प विशेष) में; **तप्त......नन्दिया**—तपी हवा में शिथिल मंजरी वाला गोलकचम्पा एक-दो करके तुम्हारा अभिनन्दन करता हुआ (तुम्हारे) चरणों के निकट झर-झर पड़ता है; **दोयेल**—एक पक्षी विशेष; **आकाश......अञ्जलि**—आकाश पत्तियों की हर सन्धि से तुम्हारी गोद में स्वर्ण-अञ्जलि ढाल रहा है; **वनेर......दूरे**—वन पथ से कौन दूर चला जा रहा है; **पिछन-फेरा**—पीछे लौटाने वाले; **तोमाय......क्रन्दिया**—तुम्हें घेर कर हवा में क्रन्दन करती हुई फिर रही है (चक्कर काट रही है) ।

९५

ए पारे मुखर हल केका ओइ, ओ पारे नीरव केन कुहु हाय।
एक कहे, 'आर-एकटि एका कइ, शुभयोगे कबे हब दुँहु हाय।'
अधीर समीर पुरवैयाँ निविड़ विरह व्यथा बइया
निश्वास फेले मुहु मुहु हाय।
आषाढ़ सजलघन आँधारे भावे बसि दुराशार धेयाने,—
'आमि केन तिथिडोरे बाँधा रे, फागुनेरे मोर पाशे के आने।'
ऋतुर दु धारे थाके दुजने, मेले ना ये काकली ओ कूजने,
आकाशेर प्राण करे हूहु हाय॥

१९२९-३२

९६

चाँदेर हासिर बाँध भेङेछे, उछले पड़े आलो।
ओ रजनीगन्धा, तोमार गन्धसुधा ढालो॥
पागल हाओया बुझते नारे डाक पड़ेछे कोथाय तारे—
फुलेर वने यार पाशे याय तारेइ लागे भालो॥

९५. **ए......हाय**—इस पार वह मयूर-ध्वनि मुखर हुई, उस पार, हाय, कोयल की कुहू नीरव क्यों है; **एक......हाय**—एक (ध्वनि) कहती है 'और एक एकाकिनी कहाँ है, कब (किस) शुभयोग में हाय, (हम) दो होंगे'; **पुरवैयाँ**—पुरवा, पुरवैया, पूरब से झूम-झूम कर बहने वाली हवा; **बइया**—वहन करती हुई; **निश्वास फेले**—लंबी सांसें लेती है; **मुहु मुहु**—बार-बार; **भावे.....धेयाने**—दुराकांक्षा का ध्यान करता हुआ बैठा सोचता है; **'आमि......आने'**—में तिथि की डोरी में क्यों बँधा हुआ हूँ, फागुन को मेरे निकट कौन लाता है (लाएगा); **ऋतुर......कूजने**—दोनों ऋतु के दो तटों पर रहते हैं, काकली और कूजन मिलते जो नहीं।

९६. **चाँदेर.......आलो**—चाँद की हँसी का बाँध टूट गया है, आलोक उद्वेलित हो उठा है; **तोमार......ढालो**—अपने गन्ध रूपी अमृत को ढालो; **पागल......तारे**—पागल हवा समझ नहीं पाती, कहाँ उसकी पुकार हुई है; **फुलेर......भालो**—फूलों के वन में जिसके निकट जाती है, उसे ही भला लगता है;

नील गगनेर ललाटखानि चन्दने आज माखा,
वाणीवनेर हंसमिथुन मेलेछे आज पाखा।
पारिजातेर केशर निये धराय शशी, छड़ाओ की ए।
इन्द्रपुरीर कोन् रमणी वासर प्रदीप ज्वाल।

१९२९-३२

९७

चैत्र पवने मम चित्तवने वाणीमञ्जरी सञ्चलिता
ओगो ललिता।
यदि विजने दिन बहे याय खर तपने झरे पड़े हाय
अनादरे हबे धूलिदलिता
ओगो ललिता।।
तोमार लागिया आछि पथ चाहि– बुझि वेला आर नाहि नाहि।
वनछायाते तारे देखा दाओ, करुण हाते तुले निये याओ—
कण्ठहारे करो संकलिता
ओगो ललिता।।

१९२९-३२

नील......माखा—नील आकाश का ललाट आज चंदन से चर्चित है; **वाणी....... पाखा**—वाणी-वन के हंस-मिथुन (हंसों के जोड़े) ने आज पंख पसारे हैं; **पारिजातेर......ए**—चन्द्रमा, पारिजात का केशर ले कर पृथ्वी पर यह क्या बिखेर रहे हो; **कोन्**—कौन; **वासर**—वह कक्ष जिस में वर-कन्या विवाह की रात बिताते हैं; **ज्वाल**—जलाती हो।

९७. **सञ्चलिता**—दोलायित (है); **ललिता**—सुन्दरी; **यदि......याय**—यदि एकान्त में दिन बीत जाय; **खर......हाय**—हाय, प्रखर धूप में (यदि) झर कर गिर पड़े; **अनादरे**—अनादर से; **हबे**—होगी; **तोमार......चाहि**—तुम्हारे लिये पंथ निहार रहा हूँ; **बुझि......नाहि**—लगता है, अब और समय नहीं है; **वनछायाते......दाओ**—वनछाया में उसे दर्शन दो; **करुण......याओ**—करुण हाथों से (उसे) चून कर लेती जाओ; **करो संकलिता**—एकत्र करो, जोड़ लो।

९८

जानि, हल याबार आयोजन––
तबु पथिक, थामो किछुक्षण ।।
श्रावण गगन वारि-झरा, काननवीथि छायाय भरा,
शुनि जलेर झरोझरे यूथीवनेर फुल-झरा क्रन्दन ।।
येयो– यखन बादलशेषेर पाखि
पथे पथे उठबे डाकि ।
शिउलिवनेर मधुर स्तवे जागबे शरत्लक्ष्मी यबे,
शुभ्र आलोर शङ्खरवे परबे भाले मङ्गलचन्दन ।।

१९२९-३२

९९

नीलाञ्जनछाया, प्रफुल्ल कदम्बवन,
जम्बुपुञ्जे श्याम वनान्त, वनवीथिका घनसुगन्ध ।
मन्थर नव नीलनीरद– परिकीर्ण दिगन्त ।
चित्त मोर पन्थहारा कान्तविरहकान्तारे ।

१९२९-३२

९८. **जानि......क्षण**––जानता हूँ, जाने का आयोजन हो गया है, तौभी पथिक, थोड़ी देर ठहरो; **छायाय**––छाया से; **शुनि......झरोझरे**––जल की झर-झर ध्वनि में सुनता हूँ; **येयो**––जाना; **यखन......डाकि**––जब वर्षा के अन्त (में आने वाला) पक्षी रास्ते-रास्ते पुकार उठेगा; **शिउलि**––शेफाली; **जागबे**––जागेगी; **यबे**––जब; **शुभ्र......चन्दन**––शुभ्र आलोक के शंख की ध्वनि में ललाट पर मंगल-चन्दन धारण करेगी।

९९. **परिकीर्ण**––समान रूप से व्याप्त; **चित्त......हारा**––मेरा चित्त पथ-खोए हुए है; **कान्तविरहकान्तारे**––प्रिय-वियोग के सघन वन में ।

१००

बाजे करुण सुरे हाय दूरे
तव चरणतल-चुम्बित पन्थवीणा।
ए मम पान्थचित चञ्चल हाय
जानि ना की उद्देशे॥
यूथीगन्ध अशान्त समीरे
धाय उतला उच्छ्वासे,
तेमनि चित्त उदासी हे हाय
निदारुण विच्छेदेर निशीथे॥

१९२९-३२

१०१

सखी, आँधारे एकेला घरे मन माने ना।
किसेरइ पियासे कोथा ये याबे से, पथ जाने ना॥
झरोझरो नीरे, निविड़ तिमिरे, सजल समीरे गो
येन कार वाणी कभु काने आने— कभु आने ना॥

१९२९-३२

१०२

सुनील सागरेर श्यामल किनारे
देखेछि पथे येते तुलनाहीनारे॥

---

१००. **बाजे**—बजती है; **ए**—यह; **जानि......उद्देशे**—न जाने किस कारण; **धाय**—दौड़ता है; **उतला**—उतावला; **तेमनि**—वैसे ही; **निदारुण**—अत्यन्त असह्य।

१०१. **आँधारे......ना**—अन्धकार में सूने घर में मन नहीं मानता; **किसेरइ......ना**—किस (वस्तु) की तृष्णा में वह कहाँ जायगा, पथ नहीं जानता; **झरोझरो**—झर-झर; **येन......ना**—जैसे किसी की वाणी कभी कानों में लाते है; कभी नहीं लाते।

१०२. **देखेछि......हीनारे**—तुलनाहीना (अतुलनीया) को पथ में जाते हुए

ए कथा कभु आर पारे ना घुचिते,
आछे से निखिलेर माधुरीरुचिते।
ए कथा शिखानु ये आमार वीणारे,
गानेते चिनालेम से चिर-चिनारे ।।
से कथा सुरे सुरे छड़ाब पिछने
स्वपनफसलेर बिछने बिछने।
मधुपगुञ्जे से लहरी तुलिबे,
कुसुमपुञ्जे से पवने दुलिबे,
झरिबे श्रावणेर बादलसिचने ।।
शरते क्षीण मेघे भासिबे आकाशे
स्मरणवेदनार बरने आँका से।
चकिते क्षणे क्षणे पाब ये ताहारे
इमने केदाराय बेहागे बाहारे ।।

१९२९-३२

१०३

स्वपने दोँहे छिनु की मोहे, जागार वेला हल—
याबार आगे शेष कथाटि बोलो।

(मैंने) देखा है; **ए......रुचिते**—यह बात कभी और मिट नहीं सकती कि वह विश्व की मधुर शोभा में (वर्तमान) है; **ए......वीणारे**—यह बात मैंने अपनी वीणा को सिखाई; **गानेते......चिनारे**—गान में उस चिरपरिचित को पहचनवाया (चिरपरिचित से परिचित कराया); **से......पिछने**—उसी बात को प्रति सुर में (बीज की भाँति) पीछे बिखेरता जाऊँगा; **स्वपनफसलेर......बिछने**—सपनों की फ़सल के हर बिछाव में; **मधुप......तुलिबे**—भौरों की गुञ्जार में वह लहरियाँ उठाएगी; **दुलिबे**—झूमेगी; **झरिबे**—झरेगी; **बादलसिचने**—वर्षा के सिंचन में; **बरने**—रंग में; **आँका**—अंकित; **चकिते**—विस्मय से; **पाब......ताहारे**—उसे पाऊँगा; **इमने......बाहारे**—ईमन, केदारा, विहाग और बहार (राग-रागिनियों) में।

१०३. **स्वपने......मोहे**—स्वप्न में (हम) दोनों कैसे बेसुध थे; **जागार......हल**—जागने का समय हुआ; **याबार....बोलो**—जाने के पहले अन्तिम बात कहो;

फिरिया चेये एमन किछु दियो
वेदना हबे परम रमणीय—
आमार मने रहिबे निरवधि
विदायखने खनेक-तरे यदि सजल आँखि तोलो ।।
निमेषहारा ए शुकतारा एमनि उषाकाले
उठिबे दूरे विरहाकाशभाले ।
रजनीशेषे एइ-ये शेष-काँदा
वीणार तारे पड़िल ताहा बाँधा,
हारानो मणि स्वपने गाँथा रबे—
हे विरहिणी, आपन हाते तबे विदायद्वार खोलो ।।

१९२९-३२

१०४

आमार जीवनपात्र उच्छलिया माधुरी करेछ दान—
तुमि जान नाइ, तुमि जान नाइ,
तुमि जान नाइ तार मूल्येर परिमाण ।।
रजनीगन्धा अगोचरे
येमन रजनी स्वपने भरे सौरभे,

फिरिया......रमणीय—फिर कर देख, कुछ ऐसा देना (कि जिससे) वेदना अत्यन्त रमणीय हो जाएगी; **आमार.....तोलो**—(वह 'कुछ') बराबर मेरे मन में रहेगा—यदि विदाई के क्षण में क्षण भर के लिये सजल आँखें उठाओ; **निमेषहारा**—पलक-हीन; **ए**—यह; **एमनि**—इसी प्रकार; **उठिबे.....भाले**—विरहाकाश के ललाट पर दूर उदित होगा; **रजनी......बाँधा**—रात्रि के अन्त में यह जो अन्तिम क्रन्दन (है), वह वीणा के तारों में बँध गया; **हारानो......रबे**—खोई हुई मणि स्वप्नों में गुँथी रहेगी; **आपन......खोलो**—अपने हाथों तब बिदाई का द्वार खोलो।

१०४. **आमार......दान**—मेरे जीवनपात्र को उद्वेलित कर (तुमने) माधुरी (मधुरता) दान की है; **तुमि.....नाइ**—तुम नहीं जानते; **तार**—उसके; **रजनीगन्धा......सौरभे**—जैसे रजनीगन्धा आँखों की ओट रात्रि को सपनों मे

तुमि जान नाइ, तुमि जान नाइ,
तुमि जान नाइ, मरमे आमार ढेलेछ तोमार गान ।।
बिदाय नेबार समय एबार हल——
प्रसन्न मुख तोलो, मुख तोलो, मुख तोलो;
मधुर मरणे पूर्ण करिया सँपिया याव प्राण चरणे ।
यारे जान नाइ, यारे जान नाइ, यारे जान नाइ
तार गोपन व्यथार नीरव रात्रि होक आजि अवसान ।।

१९३३-३६

१०५

आमार नयन तव नयनेर निविड़ छायाय
मनेर कथार कुसुमकोरक खोँजे ।
सेथाय कखन अगम गोपन गहन मायाय
पथ हाराइल ओ ये ।।
आतुर दिठिते शुधाय से नीरवेरे——
निभृत वाणीर सन्धान नाइ ये रे;
अजानार माझे अबूझेर मतो फेरे
अश्रुधाराय मजे ।।

सुगन्धि से भर देती है; **मरमे......गान**——(वैसे ही) मेरे मर्म (हृदय) में (तुमने) अपने गान ढाले हैं; **बिदाय......तोलो**——विदा लेने का अब समय हुआ, प्रसन्न मुख उठाओ; **मधुर.......चरणे**——मधुर मरण से प्राणों को पूर्ण कर (तुम्हारे) चरणों में सौंप जाऊँगा; **यारे......अवसान**——जिसे नहीं जानतीं, उसकी गोपन व्यथा की नीरव रात्रि का आज अवसान हो ।

१०५. **आमार......खोँजे**——मेरी आँखें तुम्हारी आँखों की निविड़ छाया में मन की बात (रूपी) कुसुम-कलिका खोजती हैं; **सेथाय......ये**——वहाँ कब अगम, गोपन, गहन माया में उन (आँखों) ने पथ खो दिया; **दिठिते**——दृष्टि से; **शुधाय ......नीरवेरे**——वे (आँखें) नीरव से पूछती हैं; **नाइ**——नहीं है; **अजानार......मजे** ——अज्ञात के बीच अबोध की नाईं अश्रुधारा में निमज्जित भटकती फिरती हैं;

आमार हृदये ये कथा लुकानो तार आभाषण
फेले कभु छाया तोमार हृदयतले ?
दुयारे एँकेछि रक्तरेखाय पद्म-आसन,
से तोमारे किछु बले ?
तव कुञ्जेर पथ दिये येते येते
वातासे वातासे व्यथा दिइ मोर पेते—
बाँशि की आशाय भाषा देय आकाशेते
से कि केह नाहि बोझे ।।

१९३३-३६

१०६

ना ना ना, डाकब ना, डाकब ना अमन करे बाइरे थेके ।
पारि यदि अन्तरे तार डाक पाठाब, आनब डेके ।।
देबार व्यथा बाजे आमार बुकेर तले,
नेबार मानुष जानि ने तो कोथाय चले—
एइ देओया-नेओयार मिलन आमार घटाबे के ।।

आमार......लुकानो—मेरे हृदय में जो बात छिपी हुई है; **तार**—उसके; **आभाषण**—बोल; **फेले......हृदयतले**—तुम्हारे हृदय-पट पर कभी (क्या अपनी) छाया डालते हैं; **दुयारे......बले**—द्वार पर रक्त की रेखाओं से (मैंने) पद्म-आसन आँका है, वह (क्या कभी) तुम से कुछ कहता है; **तव......पेते**—तुम्हारे कुञ्ज के रास्ते से जाते-जाते हवा में (मैं) अपनी व्यथा बिछा देता हूँ; **बाँशि ......बोझे**—बाँसुरी किस आशा से आकाश को भाषा प्रदान करती है, यह क्या कोई नहीं समझता ।

१०६. **डाकब......थेके**—इस प्रकार बाहर से नहीं पुकारूँगी, नहीं पुकारूँगी; **पारि.....डेके**—अगर (पुकार) सकूँ तो उसके अन्तर में (अपनी) पुकार पहुँचाऊँगी (और उसे) बुला लाऊँगी; **देबार......तुले**—देने (सौंपने) की व्यथा मेरे हृदय-तल में कसकती है; **नेबार......चले**—(उस व्यथा को) लेने वाला व्यक्ति, नहीं जानती, कहाँ विचरण करता है; **एइ.....के**—मेरे इस देने और लेने

मिलबे ना कि मोर वेदना तार वेदनाते—
गङ्गाधारा मिशबे नाकि कालो यमुनाते।
आपनि की सुर उठल बेजे
आपना हते एसेछे ये—
गेल यखन आशार वचन गेछे रेखे ।।

१९३३-३६

१०७

ना चाहिले यारे पाओया याय, तेयागिले आसे हाते,
दिवसे से धन हारियेछि आमि, पेयेछि आँधार राते।
ना देखिबे तारे, परशिबे ना गो; तारि पाने प्राण मेले दिये जागो—
ताराय ताराय रबे तारि वाणी, कुसुमे फुटिबे प्राते ।।
तारि लागि यत फेलेछि अश्रुजल
वीणावादिनीर शतदलदले करिछे ता टलोमल।
मोर गाने गाने पलके पलके झलसि उठिछे झलके झलके,
शान्त हासिर करुण आलोके भातिछे नयनपाते ।।

१९३३-३६

का मिलन कौन घटित कराएगा; **मिलबे......यमुनाते**—मेरी वेदना, उसकी वेदना के साथ क्या नहीं मिलेगी, गंगा की धारा क्या काली यमुना में नहीं घुलेगी; **आपनि......बेजे**—अपने-आप ही कौन-सा सुर बज उठा; **आपना...... ये**—(जो) अपने-आप ही आया था; **गेल......रेखे**—जब गया, आशा की वाणी रख गया।

१०७. **ना......हाते**—जो बिना माँगे मिलता है (और) त्यागने पर हाथ आता है; **दिवसे......राते**—उस धन को मैंने दिन में गँवाया (और) अँधेरी रात्रि में पाया है; **ना......ना**—उसे देख न पाओगे, छू न सकोगे; **तारि...... जागो**—उसी की ओर प्राणों को प्रसारित कर जागो; **रबे**—रहेगी; **तारि...... टलोमल**—उसके लिये जितने आँसू बहाए हैं, वीणावादिनी (सरस्वती) के शतदल (कमल) की पंखुड़ियों में वे ढुलक रहे हैं; **मोर......झलके**—मेरे गान-गान में प्रतिपल हर कौंध में चकाचौंध लगा रहा है; **शान्त......पाते**—शान्त हँसी के करुण आलोक में नयन-पल्लवों में दीप्त हो रहे हैं।

१०८

रोदनभरा ए वसन्त कखनो आसे नि बुझि आगे ।
मोर विरहवेदना राङालो किंशुकरक्तिमरागे ।।
कुञ्जद्वारे वनमल्लिका सेजेछे परिया नव पत्रालिका,
सारा दिन-रजनी अनिमिखा कार पथ चेये जागे ।।
दक्षिणसमीरे दूर गगने एकेला विरही गाहे बुझि गो ।
कुञ्जवने मोर मुकुल यत आवरणबन्धन छिँड़िते चाहे ।
आमि ए प्राणेर रुद्ध द्वारे व्याकुल कर हानि बारे बारे—
देओया हल ना ये आपनारे एइ व्यथा मने लागे ।।

१९३३-३६

१०९

शुनि क्षणे क्षणे मने मने अतल जलेर आह्वान ।
मन रय ना, रय ना, रय ना घरे, चञ्चल प्राण ।।
भासाये दिब आपनारे भरा जोयारे,
सकल-भावना-डुबानो धाराय करिब स्नान—
व्यर्थ वासनार दाह हबे निर्वाण ।।

१०८. **रोदन......आगे**—रुदन से भरा यह वसन्त (इसके) पहले शायद कभी नहीं आया; **मोर......रागे**—मेरी विरह वेदना किंशुक (पलास) के रक्तिम (लाल) रंग में रँग गई; **कुञ्जद्वारे......पत्रालिका**—कुञ्जद्वार पर वनमल्लिका नवीन पत्रालिका (कपोलों पर चित्ररचना अथवा किसलय-समष्टि) धारण कर सजी है; **सारा......जागे**—समस्त दिन-रात अनिमेष दृष्टि से वह (वनमल्लिका) किसकी बाट जोहती जाग रही है; **एकेला**—अकेला; **गाहे**—गाता है; **बुझि**—ऐसा लगता है जैसे; **कुञ्ज......चाहे**—कुञ्जवन की मेरी सभी कलियाँ आवरण के बन्धन को छिन्न करना चाहती हैं; **आमि......बारे**—मैं इन प्राणों के रुद्ध द्वार पर बार-बार व्याकुल हाथों से आघात करती हूँ; **देओया......लागे**—मन में यही व्यथा होती है कि अपने-आपको देना जो नहीं हुआ ।

१०९. **शुनि**—सुनता हूँ; **रय......घरे**—घर में नहीं रहता; **भासाये......जोयारे**—भरे ज्वार में अपने को बहा दूंगा; **सकल...... स्नान**—सभी चिन्ताओं को डुबाने वाली धारा में स्नान करूँगा; **वासनार दाह**—वासना का दाह; **हबे निर्वाण**—बुझ जाएगा;

ढेउ दियेछे जले।
ढेउ दिल आमार मर्मतले।
एकि व्याकुलता आजि आकाशे, एइ वातासे,
येन उतला अप्सरीर उत्तरीय करे रोमाञ्चदान—
दूर सिन्धुतीरे कार मञ्जीरे गुञ्जरतान।।

१९३३-३६

११०

हे निरुपमा,
गाने यदि लागे विह्वल तान करियो क्षमा।।
झरोझरो धारा आजि उतरोल, नदीकूले-कूले उठे कल्लोल,
वने वने गाहे मर्मरस्वरे नवीन पाता।
सजल पवन दिशे दिशे तोले बादलगाथा।।
हे निरुपमा,
चपलता आजि यदि घटे तबे करियो क्षमा।
तोमार दुखानि कालो आँखि-'परे बरषार कालो छायाखानि पड़े,
घन कालो तव कुञ्चित केशे यूथीर माला।।
तोमारि चरणे नवबरषार वरणडाला।।

ढेउ.....जले—जल में तरंगें उठी हैं; **ढेउ......मर्मतले**—मेरा अन्तस्तल तरंगायित हुआ है; **एकि.......बातासे**—आज आकाश में, इस हवा में यह कैसी व्याकुलता है; **येन.....दान**—जैसे अधीर अप्सरी का उत्तरीय रोमांचित कर रहा है; **कार**—किसके; **मञ्जीरे**—नूपुरों में।

११०. **गाने......क्षमा**—यदि गान की तान में विह्वलता हो तो क्षमा करना; **झरोझरो.......उतरोल**—झर-झर वर्षा आज उद्विग्न है; **वने......पाता**—वन-वन में नवीन पत्ते मर्मर ध्वनि में गा रहे हैं; **सजल......गाथा**—सजल पवन दिशा-दिशा में वर्षा की गाथा छेड़ रहा है; **चपलता......क्षमा**—आज यदि किसी प्रकार की प्रगल्भता बन पड़े तो क्षमा करना; **तोमार......पड़े**—तुम्हारी दो काली आँखों पर वर्षा की काली छाया पड़ती है; **तोमारि......डाला**—तुम्हारे

हे निरुपमा,
चपलता आजि यदि घटे तबे करियो क्षमा ।
एल बरषार सघन दिवस, वनराजि आजि व्याकुल विवश,
बकुलवीथिका मुकुले मत्त कानन-'परे ।
नवकदम्ब मदिर गन्धे आकुल करे ।।
हे निरुपमा,
आँखि यदि आज करे अपराध, करियो क्षमा ।
हेरो आकाशेर दूर कोणे कोणे बिजुलि चमकि ओठे खने खने,
द्रुत कौतुके तव वातायने की देखे चेये ।
अधीर पवन किसेर लागिया आसिछे धेये ।।

१९३३-३६

१११

अशान्ति आज हानल ए की दहनज्वाला ।
बिँधल हृदय निदय बाणे वेदनढाला ।।
वक्षे ज्वालाय अग्निशिखा, चक्षे काँपाय मरीचिका—
मरणसुतोय गाँथल के मोर वरणमाला ।।

ही चरणों में नव वर्षा की वरण-डाली (निवेदित) है; **एल**—आया; **बरषार**—वर्षा का; **मुकुले मत्त**—कलियों से मत्त; **नव......करे**—नव कदम्ब (अपने) मदिर गन्ध से आकुल करता है; **आँखि......अपराध**—आँखें यदि आज अपराध करें (आँखों से यदि अपराध हो जाय); **हेरो......खने**—देखो, दूर आकाश के कोने-कोने में क्षण-क्षण बिजली चमक उठती है; **कौतुके**—कुतूहल से; **की......चेये**—क्या देखती है; **अधीर......धेये**—अधीर पवन किसलिये दौड़ा आ रहा है।

१११. **अशान्ति......ज्वाला**—अशान्ति ने आज यह कैसी दहन-ज्वाला निक्षिप्त की है; **बिँधल......ढाला**—वेदना-ढले निर्दय बाणों से हृदय बिँध गया; **ज्वालाय**—जलाती है; **काँपाय**—कँपाती है; **मरण......माला**—मृत्यु के

चेना भुवन हारिये गेल स्वपनछायाते,
फागुनदिनेर पलाशरङेर रङीन मायाते।
यात्रा आमार निरुद्देशा, पथ-हारानोर लागल नेशा—
अचिन देशे एबार आमार याबार पाला ।।

१९३३-३६

११२

आमरा दुजना स्वर्ग-खेलना गड़िब ना धरणीते
मुग्ध ललित अश्रुगलित गीते ।।
पञ्चशरेर वेदनामाधुरी दिये
वासररात्रि रचिब ना मोरा प्रिये—
भाग्येर पाये दुर्बल प्राणे भिक्षा ना येन याचि।
किछु नाइ भय, जानि निश्चय, तुमि आछ आमि आछि ।।
उड़ाब ऊर्ध्वे प्रेमेर निशान दुर्गम पथ-माझे
दुर्दम वेगे दुःसहतम काजे।
रुक्ष दिनेर दुःख पाइ तो पाब—
चाइ ना शान्ति, सान्त्वना नाहि चाब।

धागे में किसने मेरी वरमाला गूँथी है; **चेना......छायाते**—जाना-पहचाना जगत् स्वप्न की छाया में खो गया; **फागुन......मायाते**—फाल्गुन के पलाश के रंग की रंगीन माया में (खो गया); **पथ.......नेशा**—राह भूलने का नशा चढ़ गया है; **अचिन......पाला**—अपरिचित देश में इस बार मेरे जाने की बारी है।

११२. **आमरा......गीते**—मुग्ध, ललित, अश्रुविगलित गीतों से हम दोनों पृथ्वी पर खेल-खेल का स्वर्ग नहीं गढ़ेंगे (निर्माण करेंगे); **पञ्चशरेर......प्रिये**—पञ्चशर (कामदेव) की वेदना-माधुरी के द्वारा, प्रिये, हमलोग वासर-रात्रि (विवाह-रजनी) की रचना नहीं करेंगे; **भाग्येर......याचि**—ऐसा हो कि भाग्य के चरणों में दुर्बल प्राणों से भिक्षा न माँगें; **किछु......आछि**—कुछ भय नहीं, निश्चय पूर्वक जानता हूँ (कि) तुम हो (और) मैं हूँ; **उड़ाब......माझे**—प्रेम की ध्वजा दुर्गम पथ में ऊपर की ओर उड़ाएँगे; **रुक्ष......पाब**—कठिन दिनों का दुःख पाएँगे तो पाएँगे; **चाइ.....चाब**—(हम) शान्ति नहीं चाहते, सान्त्वना नहीं माँगेंगे;

पाड़ि दिते नदी हाल भाङ्गे यदि, छिन्न पालेर काछि,
मृत्युर मुखे दाँड़ाये जानिब, तुमि आछ आमि आछि ।।
दुजनेर चोखे देखेछि जगत्, दोँहारे देखेछि दोँहे—
मरुपथताप दुजने नियेछि सहे ।
छुटि नि मोहन मरीचिका-पिछे-पिछे,
भुलाइ नि मन सत्येरे करि मिछे—
एइ गौरवे चलिब ए भवे यत दिन दोँहे बाँचि ।
ए वाणी प्रेयसी, होक महीयसी, 'तुमि आछ आमि आछि' ।।
१९३३-३६

११३

प्रेमेर जोयारे भासाबे दोँहारे— बाँधन खुले दाओ, दाओ दाओ ।
भुलिब भावना, पिछने चाब ना— पाल तुले दाओ, दाओ दाओ ।।
प्रबल पवने तरङ्ग तुलिल, हृदय दुलिल, दुलिल दुलिल—
पागल हे नाविक, भुलाओ दिग्विदिक— पाल तुले दाओ, दाओ दाओ ।।
१९३३-३६

पाड़ि......यदि—नदी पार होने में यदि पतवार टूट जाय; **छिन्न......काछि**—पाल की रस्सी टूटी हो; **मृत्युर.....आछि**—मृत्यु के मुँह में खड़े हो कर जानेंगे, तुम हो, मैं हूँ; **दुजनेर......दोँहे**—दोनों की आँखों में हमने जगत् को देखा है, (तथा) दोनों ने दोनों को देखा है; **मरु......सहे**—मरु-पथ का उत्ताप हम दोनों ने सहन कर लिया है; **छुटि......पिछे**—मोहने वाली मरीचिका के पीछे-पीछे (हम) नहीं दौड़े; **भुलाइ......मिछे**—सत्य को मिथ्या कर (हम ने अपने) मन को नहीं भुलाया; **एइ......बाँचि**—इस संसार में हम दोनों जितने दिन जिएँगे, इसी गौरव के साथ चलेंगे; **ए**—यह; **होक**—हो।

११३. **प्रेमेर......दाओ**—प्रेम का ज्वार (हम) दोनों को बहाएगा, बंधन खोल दो, खोल दो; **भुलिब......दाओ**—चिन्ता भूल जाऊँगा, पीछे नहीं ताकूँगा, पाल चढ़ा दो, चढ़ा दो; **प्रबल......दुलिल**—प्रबल पवन ने तरंगें उठाई हैं, हृदय झूम उठा; **भुलाओ**—भुला दो।

११४

आजि गोधूलिलगने एइ बादलगगने
तार चरणध्वनि आमि हृदये गणि—
'से आसिबे' आमार मन बले सारावेला,
अकारण पुलके आँखि भासे जले ।।
अधीर पवने तार उत्तरीय दूरेर परशन दिल कि ओ—
रजनीगन्धार परिमले 'से आसिबे' आमार मन बले ।।
उतला हयेछे मालतीर लता, फुरालो ना ताहार मनेर कथा ।
वने वने आजि ए की कानाकानि,
किसेर बारता ओरा पेयेछे ना जानि,
काँपन लागे दिगङ्गनार बुकेर आँचले—
'से आसिबे' आमार मन बले ।।

१९३७-३९

११५

आजि दक्षिणपवने
दोला लागिल वने वने ।।
दिक्‌ललनार नृत्यचञ्चल मञ्जीरध्वनि अन्तरे ओठे रनरनि
विरहविह्वल हृत्स्पन्दने ।।

११४. **एइ**—इस; **बादलगगने**—वर्षा के आकाश में; **तार......गणि**—उसकी चरणध्वनि को मैं (अपने) हृदय में गिनता हूँ; **से.....बेला**—मेरा मन सब समय कहता रहता है 'वह आयगा'; **अकारण......जले**—अकारण पुलक से आँखें आँसुओं में तिरती हैं; **अधीर......ओ**—उसके उत्तरीय ने अधीर पवन में यह कैसा दूर का स्पर्श दिया; **उतला......कथा**—मालती की लता आकुल हुई है, उसके मन की बात चुकी नहीं; **वने......कानि**—वन-वन में आज यह कैसी कानोंकान बतकही (चल रही) है; **किसेर......जानि**—उन सबों ने न-जाने किसका संवाद पाया है; **काँपन.....आँचले**—दिग्वधुओं की छाती के अंचल में कंपन का संचार होता है।

११५. **दोला.....वने**—समस्त वन झूम उठा; **मञ्जीर**—नूपुर; **अन्तरे.....**

माधवीलताय भाषाहारा व्याकुलता
पल्लवे पल्लवे प्रलपित कलरवे ।
प्रजापतिर पाखाय दिके दिके लिपि निये याय
उत्सव-आमन्त्रणे ।।

१९३७-३९

११६

आमार प्राणेर माझे सुधा आछे, चाओ कि--
हाय बुझि तार खबर पेले ना ।
पारिजातेर मधुर गन्ध पाओ कि--
हाय बुझि तार नागाल मेले ना ।।
प्रेमेर बादल नामल, तुमि जानो ना हाय ताओ कि ।
मेघेर डाके तोमार मनेर मयूरके नाचाओ कि ।
आमि सेतारेते तार बेँधेछि, आमि सुरलोकेर सुर सेधेछि,
तारि ताने ताने मने प्राणे मिलिये गला गाओ कि--
हाय आसरेते बुझि एले ना ।

रनरनि—अन्तर में अनुरणित हो उठती है; **माधवीलताय**—माधवी लता में; **भाषाहारा**—भाषाहीन; **प्रजापतिर.....याय**—तितलियों के पर दिशाओं-दिशाओं में पत्र ले जाते हैं।

११६. **आमार......कि**—मेरे प्राणों के भीतर अमृत है, (उसे) चाहते हो क्या; **हाय......ना**—हाय, लगता है (तुमने) उस की खबर नहीं पाई; **पाओ कि**—पाते हो क्या; **हाय......ना**—हाय, लगता है वहाँ तक पहुँच नहीं है; **प्रेमेर......कि**—प्रेम की वर्षा उतरी है, हाय, तुम क्या इतना भी नहीं जानते; **मेघेर......कि**—मेघ के गर्जन पर अपने मन के मयूर को नचाते हो क्या; **आमि ......बेँधेछि**—मैंने सितार में तार बाँधा है; **सुरलोकेर......सेधेछि**—सुरलोक का सुर साधा है; **तारि......कि**—उसकी तान-तान में मन-प्राण से कण्ठ मिला कर गाते हो क्या; **हाय......ना**—हाय, लगता है, संगीत की सभा में नहीं आए;

डाक उठेछे बारे बारे, तुमि साड़ा दाओ कि।
आज झुलनदिने दोलन लागे, तोमार परान हेले ना ।।
१९३७-३९

११७

आमि तोमार सङ्गे बेँधेछि आमार प्राण सुरेर बाँधने—
तुमि जान ना, आमि तोमारे पेयेछि अजाना साधने ।।
से साधनाय मिशिया याय बकुल गन्ध,
से साधनाय मिलिया याय कविर छन्द—
तुमि जान ना, ढेके रेखेछि तोमार नाम
रङिन छायार आच्छादने ।।
तोमार अरूप मूर्तिखानि
फाल्गुनेर आलोते बसाइ आनि।
बाँशरि बाजाइ ललित-वसन्ते, सुदूर दिगन्ते
सोनार आभाय काँपे तव उत्तरी
गानेर तानेर से उन्मादने ।।

१९३७-३९

डाक.....कि—बार-बार पुकार हुई है, तुम उसका प्रत्युत्तर देते हो क्या; **आजि.....ना**—आज झूलन के दिन हिंडोला पैंग भर रहा है, (क्या) तुम्हारे प्राण नहीं झूमते।

